डा0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय,लखनऊ
Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow
Office : Mohaan Road, Lucknow - 226 017, Website : http://dsmru.up.nic.in

पत्रांकः COE-416 /DSMNRU/फा0सं0–COE-165A/2024–25 दिनांकः–22 अक्टूबर, 2024

बैक पेपर (सम अधिसत्र/वार्षिकी) परीक्षा–2024 के लिये ऑन–लाइन आवेदन हेतु आवश्यक सूचना

विश्वविद्यालय पत्रांक–COE–383, दिनाँक 18.09.2024 द्वारा विश्वविद्यालय एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान में शैक्षणिक सत्र–2023–24 के बैक पेपर (सम अधिसत्र/वार्षिकी) परीक्षाओं के आयोजन हेतु अर्ह/पात्र विद्यार्थियों की विश्वविद्यालय स्तर पर ऑन–लाइन परीक्षा आवेदन भराये जाने की अंतिम तिथि 26.09.2024 तक निर्धारित की गयी थी।

तदक्रम में एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उपर्युक्तानुसार **परीक्षा हेतु अर्ह/पात्र विद्यार्थियों हेतु उनकी बैक पेपर (सम अधिसत्र/वार्षिकी) परीक्षा, 2024 के लिये अर्ह/पात्र विद्यार्थियों को अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए ऑन–लाइन परीक्षा आवेदन की तिथि को दिनाँक 28.10.2024 तक विस्तारित किया जाता है। पूर्व में निर्गत सूचना पत्रांक–सी.ओ.ई.–383, दिनाँक 18.09.2024 द्वारा प्रदत्त दिशा–निर्देशों के अनुसार ऑन–लाइन बैक पेपर परीक्षा आवेदन दिनाँक 28.10.2024 तक भरना सुनिश्चित करें। इसके पश्चात् अन्तिम तिथि को किसी भी दशा में विस्तारित किया जाना सम्भव नहीं होगा।**

अतः उक्त बैक पेपर परीक्षा हेतु समस्त अर्ह/पात्र विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि बैक पेपर परीक्षा ऑन–लाइन आवेदन सावधानी पूर्वक भरे, परीक्षा अवधि में किसी भी प्रकार का संशोधन मान्य नहीं होगा एवं अंन्तिम तिथि के पश्चात् कोई आवेदन नहीं भराया जायेगा, जिस हेतु विद्यार्थी स्वयं उत्तरदायी होगा।

(डॉ0 अमित कुमार राय)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. मा0 कुलपति महोदय के सादर अवलोकनार्थ।
2. कुलसचिव, विश्वविद्यालय।
3. वित्त अधिकारी, विश्वविद्यालय।
4. समस्त अधिष्ठाता/विभागाध्यक्ष/निदेशक/समन्वयक को इस अनुरोध के साथ कि वह अपने स्तर से विद्यार्थियों को निर्देशित करने का कष्ट करें।
5. सम्बन्धित अधिकारीगण, विश्वविद्यालय।
6. सिस्टम एनॉलिस्ट को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
7. कोर्स–कोआर्डिनेटर, सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान को इस आशय से कि विद्यार्थियों से प्राप्त आवेदन की हार्ड कापी संलग्नक सहित को अपने संस्थान में सुरक्षित रखते हुए एवं आवेदन से सम्बन्धित सूची शुल्क सहित विवरण (चयनित विषय/पेपर कोड सहित) परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में दिनाँक 29.10.2024 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।
8. विभागीय पटल सहायक को इस निर्देश के साथ कि विभागीय विद्यार्थियों से प्राप्त आवेदन की हार्ड कापी संलग्नकों सहित को विभाग में सुरक्षित रखते हुए एवं आवेदन से सम्बन्धित सूची विवरण (चयनित विषय/पेपर कोड सहित) परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में दिनाँक 29.10.2024 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।
9. सम्बद्ध एजेन्सी एवं परीक्षा विभाग के समस्त प्रकोष्ठ एवं अनुभाग को अनुपालनार्थ।
10. समस्त नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।

22/10/24
(डॉ0 अमित कुमार राय)
परीक्षा नियंत्रक